# खाटू की सरकार ओ लखदातार | by Om Kashyap

खाटू की सरकार ओ लखदातार, ओ मेरे बाबा जी
कर दो बेडा पार के अब तो हमारा भी

लीले घोड़े वाले बाबा जिसने तेरा नाम लिया
जिसको ठुकराया दुनिया ने तूने उसको थाम लिया
मान के अपनी हार खड़ा तेरे द्वार, ओ मेरे बाबा जी
कर दो बेडा पार के अब तो हमारा भी

तेरी मोरछड़ी का झाड़ा बाबा जब लग जाता है
उसपे संकट लौट के बाबा वापस फिर नहीं आता है
इतना सा उपकार करो एक बार ओ मेरे बाबा जी
कर दो बेडा पार के अब तो हमारा भी

शीश को दान में देने वाले कौन तेरा सा दानी है
कहे बलजीत तेरी तो बाबा अचरज भरी कहानी है
तेरी जय जयकार करे संसार ओ मेरे बाबा जी
कर दो बेडा पार के अब तो हमारा भी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a4%b0%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%93-%e0%a4%b2%e0%a4%96%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-om-kashyap/